
हिंदी दैनिक खबर
हर पल, हमारी खबर
# केशववाणी
शुक्रवार 27 फ़रवरी 2026 बर्ष 02 अंक 57 पृष्ठ 4
www.keshavtv24.com
Email:keshavtvbihar@gmail.com

**अनमोल वचन**
खुद की तरक्की में इतना वक्त लगा दो ! कि किसी दूसरे की बुराई करने का वक्त न मिले !!

# NCORD की जिलास्तरीय समीक्षा बैठक, होली पर नशीले पदार्थों की रोकथाम के सख्त निर्देश



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहार शरीफ (नालंदा)।** जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भारत सोनी की संयुक्त अध्यक्षता में एनसीओआरडी (नारको कोऑर्डिनेशन सेंटर) की जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों की रोकथाम को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि होली पर्व के अवसर पर जिले भर में नशीले पदार्थों की आवाजाही और बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जाए, ताकि युवाओं और बच्चों का भविष्य सुरक्षित रह सके। सिविल सर्जन ने जानकारी दी कि सदर अस्पताल, बिहारशरीफ में नशा मुक्ति केंद्र संचा. लित है, जहां प्रशिक्षित मनोचिकित्सकों द्वारा काउंसलिंग एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध है। केंद्र में भर्ती मरीजों के लिए 10 बेड की व्यवस्था की गई है। अधिक जानकारी के लिए स्वास्थ्य प्रबंधक, सदर अस्पताल बिहारशरीफ के मोबाइल नंबर 9835200490 पर संपर्क किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि होली के अवसर पर शराब की बिक्री पर विशेष निगरानी रखी जाए। सभी थाना क्षेत्रों में चाय की गुमटियों आदि पर ड्रग्स एवं गांजा बेचने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। रेलवे स्टेशनों पर सूखे नशे की रोकथाम हेतु सघन जांच (फ्रिस्किंग) हर हाल में सुनिश्चित की जाए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि फरवरी 2026 (अब तक) में नालंदा जिले के कुल 66 औषधि प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया तथा क्रय–विक्रय अभिलेखों की जांच की गई। इसी अवधि में तीन प्रतिष्ठानों का संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसमें नशीली दवाओं की विशेष जांच की गई। अविल इंजेक्शन के क्रय–विक्रय अभिलेख एवं स्टॉक का मिलान किया गया। जिले में कोडिन युक्त सिरप निरीक्षण के दौरान नहीं पाया गया।पूर्व बैठक के निर्देशानुसार बुप्रेनॉर्फिन इंजेक्शन की भी जांच की गई, जो जिले के औषधि प्रतिष्ठानों में उपलब्ध नहीं पाया गया। भविष्य में भी इन दवाओं पर सतत निगरानी रखने तथा अनियमितता पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही गई। फरवरी 2026 (अब तक) में दवाओं की गुणवत्ता जांच हेतु कुल 15 औषधि नमूने संग्रहित किए गए हैं। साथ ही अविल इंजेक्शन के 10 स्टॉकिस्ट/थोक विक्रेताओं की जांच कर सूची समर्पित की गई है। जिले के सभी औषधि प्रतिष्ठानों में नशा नियंत्रण के उद्देश्य से नियमित निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं। इस पहल के तहत अधिकांश प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जा चुके हैं। बैठक में सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), पुलिस उपाधीक्षक एवं संबंधित औषधि निरीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।




# बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में उच्च विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की मांग विधानसभा में उठी

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, बिहार शरीफ (नालंदा)।** स्थानीय विधायक डॉ. सुनील कुमार ने नगर निगम क्षेत्र में लगातार बढ़ रही छात्र–छात्राओं की संख्या को देखते हुए उच्च विद्यालयों की संख्या बढ़ाने की महत्वपूर्ण मांग आज बिहार विधानसभा के पटल पर उठाई । सदन को अवगत कराया गया कि वर्तमान में कई वार्डों में उच्च विद्यालयों की कमी के कारण विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए दूर–दराज के स्कूलों में जाना पड़ता है। विशेषकर गरीब एवं मध्यम वर्ग के बच्चों को इस समस्या का अधिक सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी नियमित उपस्थिति और शिक्षा की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। बढ़ती आबादी और शैक्षणिक जरूरतों के अनुरूप विद्यालयों की संख्या नहीं होने से अभिभावकों और छात्रों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।सदन में यह मांग रखी गई कि शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बिहारशरीफ नगर निगम क्षेत्र में नए उच्च विद्यालयों की स्थापना की जाए। साथ ही शैक्षणिक आधारभूत संरचना को मजबूत करने, पर्याप्त कक्षाओं, शिक्षकों एवं संसाधनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। जनहित और छात्रहित को सर्वोपरि बताते हुए सरकार से शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की गई, ताकि नगर क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर और सुलभ शिक्षा का अवसर मिल सके।

# अमेज वाटर वर्ल्ड हंगामा जोन 7 मार्च से होगा शुरू ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर की घोषणा




**केशववाणी रानी सिन्हा/ राजीव लोचन की रिपोर्ट, राजगीर (नालंदा)।** गर्मी के मौसम की दस्तक के साथ ही पर्यटकों के लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। राजगीर के सिथौरा स्थित अमेज वाटर वर्ल्ड हंगामा जोन एक बार फिर 7 मार्च से आम लोगों के लिए अपने दरवाजे खोलने जा रहा है। हर साल की तरह इस बार भी पार्क प्रबंधन ने नए सीजन की शुरुआत खास तैयारियों और आकर्षक ऑफरों के साथ करने का निर्णय लिया है।

वाटर पार्क के निदेशक आशीष कुमार जैन ने बताया कि 5 मार्च को पार्क परिसर में विधिवत पूजा–अर्चना कर नए सत्र का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद 7 मार्च से आम पर्यटकों के लिए पार्क को खोल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को सुरक्षित और मनोरंजक वातावरण उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। इस बार ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर की भी घोषणा की गई है। प्रति व्यक्ति □500 के टिकट पर पूरे दिन वाटर पार्क में प्रवेश की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही प्रत्येक टिकट पर एक फूड कूपन भी दिया जाएगा, जो उस दिन के लिए बिल्कुल निःशुल्क और अनलिमिटेड होगा। यानी प्रवेश के साथ भोजन की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इतना ही नहीं, एक अतिरिक्त फ्री टिकट भी दिया जाएगा, जिसका उपयोग 15 मार्च से 30 अप्रैल के बीच किसी भी दिन किया जा सकता है। इस प्रकार एक टिकट पर दो बार मस्ती करने का मौका मिलेगा। निदेशक ने बताया कि यह ऑफर खास तौर पर परिवारों, बच्चों और युवाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, ताकि कम खर्च में अधिक आनंद लिया जा सके।

उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से यह वाटर पार्क नालंदा जिले सहित पटना, नवादा, शेखपुरा और आसपास के अन्य जिलों के लोगों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पार्क में मौजूद भव्य और विशाल मानव निर्मित वॉटरफॉल विशेष रूप से लोगों को आकर्षित करता है। यह कृत्रिम झरना प्राकृतिक वॉटरफॉल जैसा अनुभव देता है, जो बिहार में अपनी तरह का अनूठा आकर्षण माना जाता है। इसके अलावा विभिन्न प्रकार की वॉटर स्लाइड्स, वेव पूल, बच्चों के लिए अलग प्ले एरिया और सुरक्षित स्विमिंग जोन जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। गर्मी के दिनों में लोग परिवार और दोस्तों के साथ यहां पहुंचकर मौज–मस्ती का आनंद लेते हैं। पार्क प्रबंधन ने सुरक्षा और स्वच्छता के विशेष इंतजाम करने का भी दावा किया है, ताकि पर्यटकों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण मिल सके। नए सीजन की शुरुआत के साथ एक बार फिर राजगीर का यह वाटर पार्क लोगों के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बनने को तैयार है।









# नालंदा में पुलिसकर्मी के घर लाखों की चोरी

## शादी में गया था परिवार, सूने मकान का ताला तोड़ जेवरात और दो लाख नगद ले उड़े चोर

**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट।**
**बिहारशरीफ, नालंदा।** जिले के बिहार थाना क्षेत्र अंतर्गत पटेल कॉलेज के समीप चोरों ने पुलिस विभाग में कार्यरत एक जवान के घर में बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया। बदमाशों ने बंद पड़े मकान का मेन गेट का ताला काटकर अंदर प्रवेश किया और कमरों व अलमारी के ताले तोड़कर लाखों रुपये मूल्य के जेवरात एवं करीब दो लाख रुपये नगद लेकर फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित सुधीर कुमार, जो भ. ागलपुर पुलिस में पीटीसी पद पर कार्यरत हैं, 24 फरवरी की शाम अपने परिवार के साथ चचेरे देवर की शादी में शामिल होने के लिए पैतृक गांव, सारे थाना क्षेत्र के कैला गांव गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सूने घर को निशाना बनाया। परिवार की सदस्य सीमा कुमारी ने बताया कि बदमाशों ने पहले मेन गेट का लॉक काटा और उसके बाद घर के अंदर लगे कमरों के ताले भी तोड़ दिए। सुबह पड़ोसी द्वारा सूचना मिलने पर जब वे गांव से लौटे तो घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था और कीमती वस्तुएं गायब थीं। चोरी गए सामानों में सोने की चौन, मांगटीका, अंगूठी, सोने की कानवाली सहित अन्य आभूषण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त करीब दो लाख रुपये नगद, टैब, मा. `बाइल फोन, कासा–पीतल के बर्तन तथा महत्वपूर्ण कागजात भी चोर अपने साथ ले गए। घटना को लेकर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। पड़ोसी अनिरुद्ध ठाकुर, जो वर्तमान में असम राइफल्स में तैनात हैं, ने बताया कि उनके घर में भी पूर्व में चोरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में असामाजिक तत्वों और नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आए दिन आपराधिक घटनाएं हो रही हैं।वहीं पड़ोसी एवं शिक्षक राजदेव प्रसाद ने बताया कि बीते वर्ष उनके घर में भी इसी प्रकार की चोरी हुई थी।





उन्होंने आरोप लगाया कि पहले पुलिस द्वारा नियमित रात्रि गश्ती की जाती थी, लेकिन अब गश्ती में कमी आई है, जिसका परिणाम है कि इलाके में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि बदमाश करीब तीन से चार घंटे तक घर के अंदर रहे और ताले तोड़ते रहे, लेकिन आसपास के किसी भी व्यक्ति को इसकी भनक तक नहीं लगी। जबकि घर के आसपास घनी आबादी है। इस पहलू को लेकर भी तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं। इधर, बिहार थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि चोरी की लिखित शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है तथा एफएसएल टीम को साक्ष्य संकलन के लिए बुलाया गया था। सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है और जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

# बिंद में दहेज उत्पीड़न के फरार आरोपियों के घर कुर्की-जब्ती



**केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट,**। बिंद (नालंदा)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गोविंदपुर गांव में पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में वर्षों से फरार चल रहे चार आरोपियों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके घरों की कुर्की–जब्ती की। यह कार्रवाई माननीय न्यायालय के आदेश पर मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में की गई।कुर्की–जब्ती की कार्रवाई गोविंदपुर निवासी मिथलेश कुमार, मुकेश कुमार, रामशीष रविदास और रंजू देवी के खिलाफ की गई। थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि इन सभी आरोपियों के विरुद्ध वर्ष 2022 में दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज किया गया था। प्राथ. मिकी दर्ज होने के बाद से ही सभी आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार फरार चल रहे थे।पुलिस के अनुसार, फरार आरोपियों को आत्मसमर्पण के लिए पूर्व में उनके घरों पर इश्तेहार भी चिपकाया गया था। इसके बावजूद न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर अदालत ने कुर्की–जब्ती का आदेश जारी किया। गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जफरुद्दीन बतौर दंडाधिकारी (मजिस्ट्रेट) इस कार्रवाई के दौरान उपस्थित रहे।पुलिस ने बंद पड़े घरों को खोलकर वहां रखे फर्नीचर, बर्तन एवं अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुओं को जब्त कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त किए गए सभी सामानों की विस्तृत सूची तैयार की जा रही है, जिसे साक्ष्य के रूप में माननीय न्यायालय को सुपुर्द किया जाएगा।पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।




# बियाबानी गांव में प्रजापति समाज भवन का शिलान्यास

## समाज की एकजुटता, शिक्षा और संगठन को मजबूती देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, बिहार शरीफ नालंदा।** जिले के बियाबानी गांव में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, जिला नालंदा के तत्वावधान में प्रजापति समाज के सामुदायिक भवन निर्माण का विधिवत शिलान्यास किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा–अर्चना और भूमि पूजन के साथ भवन की नींव रखी गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर समाज के सैकड़ों महिला–पुरुष, युवा और बुजुर्ग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए एकता और संगठन बेहद आवश्यक है। सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक गतिविधियों को गति मिलेगी और समाज की पहचान मजबूत होगी। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का संकल्प लिया। समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के प्रसार और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने की। इस अवसर पर संरक्षक मंगल पंडित, पूर्व जिला अध्यक्ष जनार्दन पंडित, जिलाबसचिव संजीव कुमार बिट्टू, सुजीत पंडित, दिनेश पंडित सहित समाज के कई गणमान्य लोग मंच पर मौजूद रहे। सभी ने इस पहल को समाज के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष सुबोध पंडित ने कहा कि लंबे समय से समाज के लिए एक सामुदायिक भवन की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब भवन निर्माण शुरू होने से समाज को एक स्थायी मंच मिलेगा, जहां बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम, शैक्षणिक संगोष्ठियां, प्रशिक्षण शिविर तथा सांस्कृतिक आयोजन किए जा सकेंगे।





उन्होंने कहा कि इससे समाज में एकजुटता बढ़ेगी और संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी। संजीव कुमार बिट्टू, जिला सचिव, बिहार कुम्हार प्रजापति सम्वय समीति जिला सचिव संजीव कुमार बिट्टू ने कहा कि यह भवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगा। यहां बच्चों और युवाओं के लिए शिक्षा, मार्गदर्शन और जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने समाज के सभी लोगों से भवन निर्माण में आर्थिक और श्रमदान के रूप में सहयोग देने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के उत्थान के लिए एकता और संगठन बेहद आवश्यक है। सामुदायिक भवन बनने से सामाजिक गतिविधियों को गति मिलेगी और समाज की पहचान मजबूत होगी। अंत में उपस्थित सभी लोगों ने एकजुट होकर भवन निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा कराने का संकल्प लिया। समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा के प्रसार और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए मिलकर कार्य करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।






# राजगीर में मलमास मेला 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

केशववाणी । अमर वर्मा की रिपोर्ट, बिहारशरीफ (नालंदा)। जिला पदाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। विदित हो कि आगामी मलमास मेला का आयोजन 17 मई 2026 से 15 जून 2026 तक राजगीर में निर्धारित है। इस दौरान आस्था के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु ब्रह्म कुंड में स्नान करने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से पहुंचते हैं। बैठक में मेला अवधि के दौरान संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, आपातकालीन सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य सुविधाएं, शरणस्थली, शौचालय, चेंजिंग रूम, नियंत्रण कक्ष, हेल्प डेस्क, आवासन, खानपान, हाई मास्ट लाइटिंग, ट्रैफिक चेक पोस्ट, बस एवं ई–रिक्शा से निर्धारित शुल्क पर परिवहन व्यवस्था, बैरिकेडिंग, अग्निशमन सुरक्षा तथा मा. बाइल शौचालय आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए कहा कि मेला अवधि के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। मेला क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों, पुलिस बल, महिला पुलिस एवं स्वयंसेवकों की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से भीड़ पर सतत नजर रखी जाएगी। असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था करने एवं पार्किंग स्थलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस, स्ट्रेचर, आवश्यक दवाओं, मेडिकल कैंप एवं चिकित्सकों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा गया।




खोए हुए व्यक्तियों को उनके परिजनों से मिलाने हेतु सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए कैंटीन, दीदी की रसोई एवं सस्ती रोटी काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही एआई काउंटर, मोबाइल एप और वेबसाइट के माध्यम से भी जानकारी उपलब्ध कराने की योजना बनाई जा रही है।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे स्टेशन, मेला थाना, धुनीवर स्थल, बस स्टैंड, झुनकिया बाबा, ब्रह्म कुंड घाट, स्टेट गेस्ट हाउस, सैनिक स्कूल, महाराजा होटल के समीप, गढ़ महादेव, वैतरणी घाट तथा पीएचईडी कैंपस में वाटरप्रूफ यात्री शेड (टेंट सिटी) का निर्माण कराया जाएगा।जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि ब्रह्म कुंड में प्राकृतिक स्रोतों से आने वाली अविरल जलधारा को निरंतर प्रवाहित रखने के लिए आसपास के क्षेत्रों में विशेष चौकसी बरती जाए। वैतरणी घाट पर भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा, साफ–सफाई, मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण कार्य समय पर पूरा करने का भी निर्देश दिया गया। शाही स्नान के अवसर पर विशेष भीड़ नियंत्रण व्यवस्था लागू की जाएगी तथा प्रवेश एवं निकास द्वारों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा), पुलिस उपाधीक्षक सहित संबंधित विभागों के कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे मलमास मेला 2026 के सफल आयोजन हेतु अपने दायित्वों का समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें।



# सलेमपुर गांव में अखंड कीर्तन को लेकर 101 महिला श्रद्धालुओं ने निकाली भव्य कलश शोभायात्रा

केशववाणी राकेश पासवान की रिपोर्ट। रहुई(नालंदा)। रहुई प्रखंड क्षेत्र के सुपासंग पंचायत अंतर्गत सलेमपुर गांव में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से गांव स्थित हनुमान मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन के एक दिन पूर्व गुरुवार को 101 कन्याओं एवं महिला श्रद्धालुओं द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई, जिससे पूरा गांव भक्तिमय माहौल में डूब गया। कलश शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु जल भरने के लिए कादी बीघा स्थित काली मंदिर पहुंचे। वहां पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पूजा–अर्चना कर तालाब से जल भरकर कलश स्थापित किया गया। इसके बाद महिलाएं और कन्याएं सिर पर कलश लेकर डीजे की धुन पर नाचते–झूमते पूरे क्षेत्र का भ्रमण करते हुए हनुमान मंदिर पहुंचीं, जहां विधि–विधान के साथ कलश स्थापित किया गया।कार्यक्रम में मौजूद लाल जी ने बताया कि शुक्रवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन प्रारंभ होगा। कीर्तन की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव की सुख–समृद्धि और शांति की कामना को लेकर पिछले पांच वर्षों से इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन लगातार किया जा रहा है।इस आयोजन को सफल बनाने में उपेंद्र राउत, रविंद्र राउत, मुकेश राउत, अनिल, सिंदल, मुकेश, गोलू, नगीना सहित समस्त ग्रामवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। गांव में धार्मिक उत्साह और आपसी एकता का माहौल देखने को मिल रहा है।

## नालंदा में मारपीट कर हत्या, तीन घंटे में सभी नामजद आरोपी गिरफ्तार

# बारात में हुए विवाद ने लिया खूनी रूप, लाठी डंडे और ईंट–पत्थर से पीटकर की गई हत्या

केशववाणी रानी सिन्हा की रिपोर्ट, बिहार शरीफ(नालंदा)। नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नदियौना गांव में बुधवार की देर रात शादी समारोह में नाच गान के दौरान मामूली विवाद में एक अधेड़ की लाठी–डंडे एवं कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई। मृतक (49) वर्षीय उपेंद्र मांझी है। उपेंद्र मांझी के बेटे गुलशन कुमार ने बताया कि गांव में ही धाम से लौटकर अशोक मांझी के बेटे की बारात आई थी जिसमें गाना बज रहा था उसके पिता बारात से आए और घर में बाइक लगाकर नाचने चले गए। जहां डीजे की धुन पर नाचने के दौरान गांव के ही हरिमुनि मांझी के बहू में टच कर गए। इसके बाद हरिमुनि मांझी एवं उसके घर वालों से नोकझोंक एवं धक्का मुक्की हुई। पिता लौटकर घर आ गए। पीछे–पीछे हरिमुनि मांझी और करीब 10 से 15 अन्य लोग भी घर पहुंच गए और जबरन पिता को कमरे से बाहर निकाल मारपीट करने लगे। उन पर कुल्हाड़ी से वार किया जिससे उनका सिर फट गया। जब वह बदमाशों के चंगुल से छूटकर किसी तरह से नदी की तरफ भागे तो बदमाश उनका पीछा करते हुए नदी की तरफ भी पहुँच गए और उन पर लाठी डंडे से प्रहार कर उनकी हत्या कर दी। उपेंद्र मांझी की बहू पुनीता देवी ने बताया कि हरिमुनि मांझी और अन्य लोग उनके दरवाजे पर आ गए और उन लोगों ने भी भद्दी–भद्दी गालियां देने लगे। उन लोगों को भी जबरन कमरे से बाहर निकाला जाने लगा। किसी तरह से वे लोग खुद को घर के अंदर बंद कर ली जिसके कारण उनलोगों की जान बच सकी। ससुर पर जबरन आरोप लगा रहे थे कि जानबूझकर वह महिला में टच कर गए। उपेंद्र मांझी के चार बेटे एवं दो बेटियां हैं। तीन बेटे काम के सिलसिले में दूसरे प्रदेश गए हुए हैं। उपेंद्र मांझी राशन का दुकान चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। घटना के बाद गांव में तनाव बना हुआ है।







वहीं परिजनों के चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। घर के दरवाजे पर खून से सनी मिट्टी अभी भी मौजूद है। वहीं आरोपियों के द्वारा घर के समान को भी तोड़ दिया गया है। वहीं इस मामले में दीपनगर थाना अध्यक्ष राजमणि ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी हरिमुनि मांझी, उनके तीन बेटे सहित पवन मांझी,सुधीर मांझी एवं एक अन्य नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस सभी बिंदुओं पर गहन अनुसंधान कर रही है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

नव वर्ष एवं मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर 1 दिसम्बर 2025 से
प्रत्येक मंगलवार एवं बुधवार को स्त्री रोग से संबंधित OPD मुफ्त (फ्री)
श्री श्याम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल

डॉ0 सानू रंजन
M.B.B.S., PMCH (PATNA)
PGCC (Clinical Diabetes)
Resident Medicine, BMIMS, Pawapuri
जेनरल फिजिशियन एवं चीनी रोग विशेषज्ञ

डॉ0 रामप्रवेश सिंह
M.B.B.S. (RU)
DPM Psych. (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Resident (RINPAS, Kanke, Ranchi)
Ex. Head of Department of Psychiatry (JNKTMCH, Madhepura)
SMO Psychiatry (BMIMS Pawapuri)
नस एवं मानसिक रोग विशेषज्ञ

डॉ0 ध्रुव कुमार
M.B.B.S., DNB, ORTHO, MNAMS
Ex-Sr. BMIMS, Pawapuri (Nalanda)
Ex-Consultant Asian City Hospital (Patna)
Ex-Consultant ARSH Super Speciality Hospital (Gaya)
Ex-Sr. ANMCH (Gaya)
नस एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ

डॉ0 अभिषेक कु0 आर्य
BSc. Hons MU (Gaya)
CMS&ED, AGAMCH (Darbhanga)
DMRT, PMCH (Patna)
MD (AM) Rajsthan
स्त्री एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ

डॉ0 शमा प्रवीण
M.B.B.S., M.S. (GYN)
PMCH (Pat.)
स्त्री एवं प्रसव रोग विशेषज्ञ

डॉ0 मो0 शकील
M.B.B.S. (Muz.)
MD., PMCH (Pat.)
जेनरल फिजिशियन

डॉ0 अजय कुमार
M.B.B.S. (Pat.)
M.S. Surgery (Pat.)
जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन

डॉ0 अभिनव कुमार
M.B.B.S., MS (ENT & Head Neck)
Surgery, PMCH (Patna)
Senior Resident BMIMS, Pawapuri

विशेष सुविधाएँ :
24 Hours Emergency, OPD, IPD, ICU, ECG, HDU
X-Ray, Ultrasound, B.P., Sugar, Pathology, Burn Injury
Posioning, ECHO, Painless Delivery, Surgery, Ventilator etc.
प्रत्येक दिन बी.पी. एवं शुगर का मुफ्त जाँच की सुविधा उपलब्ध

बच्चेदानी में सभी प्रकार के कैंसर का इलाज किया जाता है। सफेद धाथ (लिकोरिया) मासिक में गड़बड़ी इत्यादि का सफल इलाज किया जाता है।

- आँत में छेद।
- हर्निया, अपेंडिक्स, पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन।
- बच्चेदानी का ऑपरेशन।
- पेशाब की नली की पथरी का इलाज।
- सिजेरियन एवं नॉर्मल डिलेवरी की सुविधा।
- लकवा, ट्रॉमा सर्जरी, एक्सीडेंटल।
- घुटना प्रत्यारोपण एवं कुल्हा प्रत्यारोपन।
- हड्डियों के सभी प्रकार के इलाज।
- जले हुए मरीजों के इलाज की सुविधा।
- साँप, बिच्छु एवं जहर खाये हुए मरीजों के इलाज की विशेष सुविधा।

- आपातकालीन चिकित्सा ।
- जेनरल मेडिसीन ।
- जेनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी।
- श्वांस एवं फेफड़ा रोग ।
- किडनी रोग ।
- हृदय रोग ।
- मस्तिष्क रोग ।
- स्त्री एवं प्रसव रोग ।
- पेट एवं आँत रोग ।
- आँख, नाक, कान, गला रोग ।
- मानसिक एवं नस रोग ।
- हड्डी एवं नस रोग ।
- 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध ।

- यहाँ प्लस ऑक्सीमीटर, मोनिटर, ऑक्सीजन नेबुलाईजर इत्यादि की सुविधा उपलब्ध ।
- लकवा, मिर्गी, ब्रेन हैमरेज, चक्कर आना ।
- याददाश्त में कमी, शरीर में कंपन ।
- पैरों में कमजोरी, हाथ-पैर में जलन ।
- सरदर्द, गर्दन दर्द, पीठ एवं कमर दर्द ।
- रीढ़ की हड्डी की समस्या ।
- उठने-बैठने चलने में परेशानी ।
- स्त्रीयों में स्तन गाँठ, बच्चेदानी की गाँठ बच्चेदानी में (फाइबरड) दवा के द्वारा ठीक किया जाता है।

काँके (राँची) के अनुभवी मानसिक रोग विशेषज्ञ द्वारा नशा संबंधित रोगों का इलाज किया जाता है।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे- शराब, गांजा, अफीम, चरस, बी.एस., बॉनफिक्स इत्यादि के सफल इलाज हेतु सम्पर्क करें।
पता–न्यू पुष्पा प्रिंटिंग प्रेस के प्रांगण में
मछली मार्केट से उत्तर, नाला रोड, शिवपुरी, बिहारशरीफ (नालन्दा)
Mob.: 9934720120 (Clinic), 9835071320, 9308084121(Shashi)

हरि ऊँ बाबा
ऊँ
मो0-9162439318
माँ भगवती ज्योतिष केन्द्र एवं
तंत्र, मंत्र, यंत्र संस्थान
हस्तरेखा, कुण्डली, रत्नपरामर्श, ग्रह शांती
उपाय वास्तु परामर्श हेतु सम्पर्क करें
मिलने का समय - सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे
नोट- यहाँ कुत्ता, सांप, बिच्छा, बिछौती, जौंडिस, छुतहरा भी झाड़ा जाता है !



स्थान- श्री सती स्थान गोलापर, मथुरिया महल्ला, बिहार शरीफ (नालन्दा)

# कतरीसराय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक, होली और रमजान सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील



**केशववाणी शंकर कुमार की रिपोर्ट, कतरीसराय (नालंदा)।** रंगों के त्योहार होली और आपसी भाईचारे के पर्व रमजान को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कतरीसराय थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार एवं सीओ स्वेता कुमारी ने संयुक्त रूप से की। बैठक को संबोधित करते हुए सीओ स्वेता कुमारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से अपील की कि वे अपने–अपने क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि होली भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाई जा सके तथा विधि–व्यवस्था पूरी तरह नियंत्रण में रहे। उन्होंने कहा कि किसी भी असामान्य गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन को दें, ताकि स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया जा सके। वहीं थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि होली के दौरान रंग और गुलाल लगाने के बहाने महिलाओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ऐसे मामलों में दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि थाना क्षेत्र में शराब पीने, पिलाने या नशे की हालत में होली की आड़ में हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। कानून–व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

थानाध्यक्ष ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने गांव एवं टोले में असामाजिक तत्वों पर नजर रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल स्थानीय थाना को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर विधि–व्यवस्था बनाए रखी जा सके। बैठक में पूर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद, पूर्व जिला पार्षद रनबीर सिंह, जदयू अध्यक्ष रजनीश कुमार मुन्ना, जदयू नेता ललन सिंह, पूर्व मुखिया नवेन्दु झा, भाकपा नेता डॉ. मनोज कुमार, राजद अध्यक्ष विकास कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में दोनों पर्वों को आपसी सद्भाव, भाईचारे और शांति के साथ मनाने पर जोर दिया गया। उपस्थित लोगों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# बिंद में शांति समिति की बैठक, होली में हुड़दंग मचाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई



**केशववाणी गुड्डू कुमार की रिपोर्ट,।** बिंद (नालंदा)। होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बिंद थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया।बैठक में उपस्थित बीडीओ जफरुद्दीन ने लोगों से आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील की। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से पर्व के दौरान संभावित समस्याओं की जानकारी ली और कहा कि होली आपसी प्रेम, सद्भाव और मिलन का त्योहार है। इसे सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने से समाज में भाईचारा और मजबूत होता है।
थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि होली के दौरान उत्पात मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सादे लिबास में चौक–चौराहों पर तैनात रहकर हुड़दंगियों पर पैनी नजर रखेगी।उन्होंने अफवाह फैलाने तथा अश्लील गीत बजाने से बचने की अपील की। साथ ही स्पष्ट किया कि डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा और असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। थाना क्षेत्र के किसी भी स्थान पर हुड़दंग की सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल पहुंचकर कार्रवाई करेगी। पुलिस प्रशासन आमजन की सेवा के लिए पूरी तरह तत्पर है।बैठक में बिंद पंचायत के मुखिया उमेश राउत, प्रमुख प्रतिनिधि ललित महतो, महेश प्रसाद, मंगल कुमार, मंटू कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भरी हुंकार, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का आह्वान



**केशववाणी प्रेम कुमार की रिपोर्ट ।** बिहारशरीफ (नालंदा)। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के चल रहे संगठन सृजन अभियान के तहत जिले के सातों विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विशेष बैठकों से राजनीतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एआईसीसी पर्यवेक्षक रणविजय सिंह लोचव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत होते हैं और संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही सुनिश्चित होती है। यदि प्रत्येक बूथ पर सक्रिय और समर्पित कार्यकर्ता तैयार होंगे तो पार्टी जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठा सकेगी। बैठक में जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला, बिहार प्रदेश के कई पर्यवेक्षक, वरिष्ठ नेता, प्रखंड अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। पर्यवेक्षकों ने स्पष्ट किया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य संगठन को गांव–गांव और पंचायत स्तर तक सक्रिय बनाना है, ताकि आम लोगों की समस्याएं सीधे पार्टी मंच तक पहुंच सकें। जिला अध्यक्ष नरेश प्रसाद अकेला ने कहा कि कांग्रेस की पहचान हमेशा गरीबों, किसानों, मजदूरों और युवाओं की आवाज के रूप में रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जनता के बीच जाएं, उनकी समस्याओं को समझें और पार्टी की नीतियों को घर–घर तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि संगठन जितना मजबूत होगा, पार्टी उतनी ही मजबूती से जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरेगी। उन्होंने बताया कि संगठन सृजन अभियान के तहत हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की पहचान की जा रही है। साथ ही युवाओं और नए चेहरों को जोड़कर संगठन में नई ऊर्जा भरने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। बैठक के दौरान कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव भी साझा किए तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। कुछ कार्यकर्ताओं ने सच्चे और समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठन में उचित पद देने की मांग भी उठाई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि आगामी राजनीतिक गतिविधियों को लेकर पार्टी संगठन स्तर पर तेजी से तैयारी में जुट गई है।

# राजगीर में 28 फरवरी को होगा 'रंग दे राजगीर' कार्यक्रम का आयोजन



**केशववाणी अनुमंडल संवाददाता, राजगीर , राजीव लोचन की रिपोर्ट।** हरनौत (नालंदा)। राजगीर महिला मंच क्लब की ओर से 28 फरवरी को होली के अवसर पर 'रंग दे राजगीर' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम पाण्डु पोखर गेट संख्या 2 के समीप आयोजित होगा। इसकी जानकारी महिला मंच क्लब की अध्यक्ष अंतरा साव ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम को विशेष रूप से महिलाओं और परिवारों के लिए सुरक्षित एवं आनंददायक बनाने की तैयारी की गई है। आयोजन स्थल पर मुक्त गुलाल, नॉनस्टॉप म्यूजिक, फ्री स्नैक्स, फनी गेम्स तथा पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शुद्ध और सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित किया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा कि इस तरह के सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से संगठन राजगीर की गरिमा और सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा देने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में महिला मंच क्लब की सचिव एवं समाजसेवी अनिता कुमारी गुप्ता, उपाध्यक्ष संध्या सिंह, कोषाध्यक्ष प्रियंका कुमारी, मंच समन्वयक ममता कुमारी, मंच संपादक कंचन कुमारी तथा मीडिया प्रभारी मनोरमा रानी सहित अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभाएंगी।इस अवसर पर संध्या सिंह, मनोरमा रानी, अंतरा साव, सीमा गुप्ता सहित कई सदस्य उपस्थित रहे। आयोजकों ने राजगीरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# कर्पूरी ठाकुर की 102वीं पुण्यतिथि पर पखवारा समारोह आयोजित



**केशववाणी राकेश कुमार की रिपोर्ट।** हरनौत (नालंदा)। हरनौत बाजार के कल्याण बीघा रोड स्थित एक निजी मैरिज हॉल में गुरुवार दोपहर 1 बजे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सामाजिक न्याय के पुरोधा जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं पुण्यतिथि पर पखवारा समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। समारोह में उपस्थित अतिथियों का अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर कल्याण बीघा थाना अध्यक्ष राजकुमार चौधरी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजक शशि रंजन सुमन उर्फ शिपू ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि पुण्यतिथि समारोह केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और समानता के संकल्प को दोहराने का अवसर है। उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने मंडल आयोग लागू होने से पूर्व ही बिहार की राजनीति में सामाजिक बदलाव की मजबूत नींव रख दी थी। साधारण परिवार में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने संघर्ष, प्रतिबद्धता और ईमानदारी के बल पर वह मुकाम हासिल किया, जो उस दौर में उनकी पृष्ठभूमि के लोगों के लिए असंभव माना जाता था।उन्होंने कहा कि कर्पूरी ठाकुर ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, पिछड़ों, दलितों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई को समर्पित किया। वे केवल एक राजनीतिक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय की सशक्त विचारधारा और प्रतीक थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे जननायक की विरासत को आगे बढ़ाते हुए सामाजिक न्याय और भाईचारे को मजबूत करें।समारोह के दौरान नाई समाज के लोगों ने संगठन को मजबूत बनाने, शिक्षा को बढ़ावा देने, सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने तथा राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। साथ ही प्रखंड स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने और समाज को एकजुट करने का आह्वान किया गया।बैठक में श्रीकांत ठाकुर, सुनील, सुरेंद्र, उपेंद्र, शंभू, अमर, अनिल, बबलू, राजेंद्र, रामप्रवेश, अशोक, राजबलम, बालेश्वर, गिन्हारी सहित बिहार के विभिन्न जिलों एवं प्रखंड क्षेत्रों से आए दर्जनों लोग उपस्थित रहे।


